under Governmment's consideration for laying down railway line from Khurja Junction to Palwal; and

(b) if so, what is the progress made so far in this regard?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI C.K. JAFFER SHARIEF): (a) and (b) A survery for a bye-pass line between Khurja-Palwal-Rewari-Rohtak has been taken up. Further consideration would be possible once the survey is completed and the report is available.

प्लेटफार्मों पर खान-पान सेवा के लिए लाइसेंस जारी करने संबंधी दिशा-निर्देश

*327. **श्री राधाकिशन मालवीय:** क्या रेल मंत्री 27 जुलाई 1994 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 276 के दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि रेलवे प्लेटफार्मों पर खान-पान सेवा प्रदान करने के लिए लाइसेंस जारी करने और वहां पर रेलवे स्टालों का आवंटन करने संबंधी दिशा-निर्देश क्या-क्या हैं और यदि इसमें अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के आवेदकों के लिए कोई कोटा निर्धारित किया गया है तो वह कितना है?

रेल मंत्री (श्री सी० के० जाफर शरीफ): खान-पान/वैंडिंग लाइसेंसों के आवंटन के संबंध में क्षेत्रीय रेलों को जारी किये गये दिशा-निर्देशों में समाचार-पत्रों में विज्ञापन देकर, प्रतिष्ठित तथा व्यावसायिक खान-पान प्रबंधकों से आवेदन-पत्र मांगने की व्यवस्था है, विज्ञापनों के प्रत्युत्तर में प्राप्त आवेदन-पत्रों की विधिवत् रूप से गठित अधिकारियों की स्क्रीनिंग/प्रवरण समिति द्वारा जांच की जाती है और सक्षम प्राधिकारी का अनुमोदन प्राप्त कर लेने के बाद सबसे अधिक उपयुक्त सम्मुख आने वाले आवेदक को लाइसेंस प्रदान किया जाता है। यद्यपि अ०जा०/अ०ज०जा० के उम्मीदवारों के लिए कोई कोटा निर्धारित नहीं है तथापि छोटे स्टेशनों पर ऐसे आवंटनों के मामले में उन्हें तरजीह दी जाती है।

Compensation to Indian Soldiers killed in UN Peace-Keeping Operations

*329. SHRI CHATURANAN MISHRA:
SHRI JALALUDIN ANSARI:

Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to refer to the answer to Unstarred Question 1120 given in the Rajya Sabha on 3rd August, 1994 and state:

(a) whether it is a fact that Government of India has sent a bill of Rs. 1,00,000 for compensation for two Indian soldiers killed in UN peace-keeping operations in Somalia early this year; and

(b) if so, what are the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI SALMAN KHURSHEED): (a)
No, Sir.

(b) Does not arise.

दिल्ली और अम्बाला तथा दिल्ली-हिसार-सिरसा के मध्य चार लेन वाली सड़क प्रणाली

*330. **श्री रामजी लाल:** क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) दिल्ली और अम्बाला तथा दिल्ली-हिसार-सिरसा के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग पर चार लेन वाली सड़क प्रणाली के चल रहे निर्माण कार्य के कब तक पूरे हो जाने की संभावना है;

(ख) इस कार्य पर अब तक कितना व्यय किया जा चुका है और शेष कार्य को पूरा करने में अभी कितना और व्यय होने की संभावना है;

(ग) क्या इस कार्य की लागत में कोई वृद्धि हुई है; और

(घ) यदि हां, तो सरकार ने इसे रोकने के लिए क्या कदम उठाए हैं?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाईटलर): (क) दिल्ली और अम्बाला के बीच मुरथल से करनाल तक चार लेन बनाने का कार्य चल रहा है। यह कार्य दिसम्बर 1995 तक पूरा हो जाने की संभावना है। करनाल से अम्बाला तक चार लेन बनाने का कार्य अभी निर्माण पूर्व स्तर पर है। राष्ट्रीय राजमार्ग सं० 10 पर दिल्ली-हिसार-सिरसा खंड पर चार लेन बनाने का कोई कार्य नहीं चल रहा है।

(ख) जुलाई, 1994 तक 32.05 करोड़ रु० खर्च हो चुके हैं। बकाया कार्य पूरा करने के लिए शेष राशि के बारे में अभी से बता पाना संभव नहीं है।

(ग) जी, हां।

(घ) संविदा-समझौतों में अंतर्निहित खण्ड के अनुसार मूल्य वृद्धि को विनियमित किया जाता है।

Treatment of Patients Suffering from Cancer

*331. SHRI AHMED MOHMEDBHAI PATEL: SHRI SURESH PACHOURI:

Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to
state:

(a) whether it has been reported in the Press recently that 3 lakh people die of cancer annually in India;

(b) if so, whether it is a fact that at present 15 lakh cancer patients are reported in the country;

(c) whether it has also been reported that 60% of the cancer patients are in the age group of 35-65 years;

(d) whether it is also a fact that tobacco related cancer constitutes 50% of the cases in India; and

(e) if so, what steps Government propose to take to check this disease and also the provisions made for treatment of these patients?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (DR. C. SILVERA): (a) and (b) It is estimated that more than 3 lakh persons die of cancer each year. At any point of time, there are about 15 to 20 lakh patients in the country.

(c) According to the data available from the National Cancer Registry Programme of the Indian Council of Medical Research, the proportion of cancer cases in the age group 35-65 years varies from 54% to 74.5%.

(d) The data from National Cancer Registry Programme shows that about one-third of the total cancer cases belong to tobacco related cancer sites. However, tobacco related cancers in males constitute about half of the total cancer cases.

(el Under National Cancer Control Programme, emphasis is laid on prevention, early detection and augmentation of treatment facilities. A number of schemes have accordingly been initiated from the year 1990-91. The Government have also initiated several measures like health education about the ill-effects of tobacco and prohibition of smoking in public places.

आई०एस०आई० की गतिविधियां

*332. श्री राघवजी: क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि हाल ही में देश में आई०एस०आई० की गतिविधियां बढ़ गई हैं;

(ख) यदि हां, तो यह संगठन देश के किन-किन प्रांतों में अधिक सक्रिय है; और

(ग) सरकार ने इसकी गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए हाल के माहों में क्या-क्या कदम उठाए है?

गृह मंत्री (श्री शंकरराव चव्हाण): (क) और (ख) पंजाब और जम्मू व कश्मीर में उग्रवादियों को सहा दिए जाने, उनकी मदद करने, उनहें प्रशिक्षण देने तथा हथियारों से लैस करने में पाकिस्तान की आई०एस०आई० का हाथ होने में, निश्चित रूप से कोई संदेह नहीं रह गया है। बम्बई और दिल्ली में कुछ व्यक्तियों की गिरफ्तारी से यह सिद्ध हो गया है कि सोढ़-फोड़ और विध्वंस की इन गतिविधियों में पाकिस्तान की आई०एस०आई० का दिमाग काम कर रहा है। इस बात का भी पता चला है कि भारत की सीमा के उस पार से काम कर रही पाकिस्तान की आई०एस०आई० देश में उग्रवादी गुटों को हथियार और गोलाबारूद तथा प्रशिक्षण प्रदान कर रही है। भारत के पश्चिमी समुद्री तट पर बड़ी मात्रा में लाए गए हथियारों और बम्बई में हुए बम विस्फोटों से पाकिस्तानी आई०एस०आई० का सक्रिय रूप से लिप्त होने के बारे में पता चला है। उपलब्ध रिपोर्टों से यह भी पता चला है कि आई०एस०आई० राजस्थान की सीमा पर भी सक्रिय है। मामले में और ब्यौरे देना जनहित में नहीं होगा।

(ग) सरकार आई०एस०आई० के इरादों का मुकाबला करने और उन्हें नाकाम करने के लिए आसूचना तंत्र को सक्रिय और सुग्राही बना कर, संबंधित केन्द्रीय और राज्य